Chapter-3

डिजीभारतम्

STUDY NOTES

MIND MAP



इन्टरनेट - ज्ञान का महत्त्वपूर्ण स्रोत है

इन्टरनेट के माध्यम से किसी भी विषय की जानकारी सरलतापूर्वक मिल सकती है । सिर्फ एक ''क्लिक'' द्वारा ज्ञान के विभिन्न आयामों को छुआ जा सकता है । यह ज्ञान का सागर है जिसमें एक बैक्टीरिया जैसे सूक्ष्म जीवाणु से लेकर ब्लैकहोल तक, राजनीति से लेकर व्यापार तक, अन्तर्राष्ट्रीय संबंधों से लेकर वैज्ञानिक चरमोत्कर्ष तक की सूचना प्राप्त हो जाती है । सामान्यत: हमें किसी भी जानकारी के लिए पुस्तकालय तक जाने की आवश्यकता होती है, पर अब हम घर बैठे उसे प्राप्त कर सकते हैं । यह एक सामाजिक प्लेटफार्म है जहाँ हम दुनियाँ के किसी भी कोने में बैठे लोगों से किसी भी विषय पर विचार विमर्श कर सकते हैं । इस पर ईमेल सुविधा, वीडियो कॉलिंग आदि आसानी से उपलब्ध है । ऑनलाइन दूरस्थ शिक्षा (Online Distance Education) के माध्यम से लोग घर बैठे अपना पाठ्यक्रम पूरा कर सकते हैं । यह मनोरंजन का मुफ्त साधन है । इसकी Navigation facility हमें एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाने में सक्षम है । इसकी कभी छुट्टी नहीं होती । यह हमें 24 x 7 उपलब्ध है ।

ODM EDUCATIONAL GROUP
Changing your Tomorrow